अध्याय ८

रामचन्द्र पुरी द्वारा महाप्रभु की आलोचना

श्रील भक्तिविनोद ठाकुर ने अपने *अमृत प्रवाह भाष्य* में आठवें अध्याय का सारांश इस प्रकार दिया है : इस अध्याय में रामचन्द्र पुरी के साथ महाप्रभु के व्यवहार की कथा कही गई है। यद्यपि रामचन्द्र पुरी माधवेन्द्र पुरी का शिष्य था, किन्तु वह शुष्क मायावादियों द्वारा प्रभावित था, इसलिए वह माधवेन्द्र पुरी की आलोचना करता था। फलतः माधवेन्द्र पुरी ने उसे अपराधी कहकर तिरस्कृत कर दिया था। चूँकि रामचन्द्र पुरी अपने गुरु द्वारा तिरस्कृत हो चुका था, इसलिए वह केवल अन्यों में दोष निकालता रहता था और उन्हें शुष्क मायावाद दर्शन के अनुसार उपदेश देता था। इसी कारण से वह वैष्णवों का आदर नहीं करता था। बाद में वह इतना पतित हो गया कि श्री चैतन्य महाप्रभु के भोजन करने की भी आलोचना करने लगा। उसकी आलोचना सुनकर श्री चैतन्य महाप्रभु ने भोजन करना कम कर दिया, किन्तु रामचन्द्र पुरी जब जगन्नाथपुरी से चला गया तो महाप्रभु पूर्ववत् आचरण करने लगे।

तं वन्दे कृष्ण-चैतन्यं रामचन्द्र-पुरी-भयात् ।
लौकिकाहारतः स्वं यो भिक्षान्नं समकोचयत् ॥ १ ॥

तम्—उनकी; **वन्दे**—मैं वन्दना करता हूँ; **कृष्ण-चैतन्यम्**—भगवान् श्री चैतन्य महाप्रभु की; **रामचन्द्र-पुरी-भयात्**—रामचन्द्र पुरी के भय से; **लौकिक**—साधारण; **आहारतः**—आहार से; **स्वम्**—अपना; **यः**—जिन्होंने; **भिक्षा-अन्नम्**—भोजन की मात्रा; **समकोचयत्**—कम कर दी।

अनुवाद

मैं उन श्री चैतन्य महाप्रभु को सादर नमस्कार करता हूँ, जिन्होंने रामचन्द्र पुरी की आलोचना से डरकर अपना भोजन करना कम कर दिया।

जय जय श्री-चैतन्य करुणा-सिन्धु-अवतार ।
ब्रह्मा-शिवादिक भजे चरण याँहार ॥२॥

जय जय श्री-चैतन्य करुणा-सिन्धु-अवतार ।
ब्रह्मा-शिवादिक भजे चरण याँहार ॥ २॥

जय जय—जय हो; **श्री-चैतन्य**—श्री चैतन्य महाप्रभु की; **करुणा-सिन्धु-अवतार**—जो करुणा के सागर के अवतार हैं; **ब्रह्मा-शिव-आदिक**—ब्रह्मा, शिव आदि देवगण; **भजे**—उपासना करते हैं; **चरण**—चरणकमल; **याँहार**—जिनके।

अनुवाद

करुणा के सागर श्री चैतन्य महाप्रभु की जय हो! उनके चरणकमलों की पूजा ब्रह्माजी तथा शिवजी जैसे देवता तक करते हैं।

जय जय अवधूत-चन्द्र नित्यानन्द ।
जगद्बाँधिल येँह दिया प्रेम-फाँद ॥३॥

जय जय अवधूत-चन्द्र नित्यानन्द ।
जगत् बाँधिल येंह दिया प्रेम-फाँद ॥ ३॥

जय जय—जय हो; **अवधूत-चन्द्र**—वैरागियों में चन्द्रमा समान; **नित्यानन्द**—भगवान् नित्यानन्द; **जगत्**—संसार; **बाँधिल**—बाँध दिया; **येंह**—जिन्होंने; **दिया**—द्वारा; **प्रेम-फाँद**—कृष्ण के प्रेमभाव की गांठ।

अनुवाद

महानतम अवधूत श्री नित्यानन्द प्रभु की जय हो, जिन्होंने भगवद् प्रेम की गाँठ से सारे जगत् को बाँध दिया।

जय जय अद्वैत ईश्वर अवतार ।
कृष्ण अवतारि' कैल जगत्त्रिस्तार ॥४॥

जय जय अद्वैत ईश्वर अवतार ।
कृष्ण अवतारि' कैल जगत् निस्तार ॥ ४॥

जय जय—जय हो; **अद्वैत**—अद्वैत आचार्य की; **ईश्वर**—पूर्ण पुरुषोत्तम भगवान् के; **अवतार**—अवतार; **कृष्ण अवतारि'**—कृष्ण का अवतार करवाकर; **कैल**—किया; **जगत्-निस्तार**—समस्त संसार का उद्धार।

अनुवाद

पूर्ण पुरुषोत्तम भगवान् के अवतार श्री अद्वैत प्रभु की जय हो! उन्होंने कृष्ण को अवतरित कराया और इस तरह सम्पूर्ण जगत् का उद्धार किया।

জয় জয় শ্রীবাসাদি যত ভক্ত-গণ ।
শ্রী-কৃষ্ণ-চৈতন্য প্রভু—যাঁর প্রাণ-ধন ॥ ৫॥
জয় জয় শ্রীবাসাদি য়ত ভক্ত-গণ ।
শ্রী-কৃষ্ণ-চৈতন্য প্রভু—য়াঁর প্রাণ-ধন ॥ ৫॥

जय जय—जय हो; **श्रीवास-आदि**—श्रीवास ठाकुर आदि; **य़त भक्त-गण**—सारे भक्तों की; **श्री-कृष्ण-चैतन्य प्रभु**—श्री चैतन्य महाप्रभु; **य़ाँर**—जिनके; **प्राण-धन**—प्राण और जीवन।

अनुवाद

श्रीवास ठाकुर इत्यादि समस्त भक्तों की जय हो! श्रीकृष्ण चैतन्य महाप्रभु उन सबके प्राण एवं जीवन हैं।

এই-মত গৌরচন্দ্র নিজ-ভক্ত-সঙ্গে ।
নীলাচলে ক্রীড়া করে কৃষ্ণ-প্রেম-তরঙ্গে ॥ ৬॥
এइ-মত গৌরচন্দ্র নিজ-ভক্ত-সঙ্গে ।
নীলাচলে ক্রীড়া করে কৃষ্ণ-প্রেম-তরঙ্গে ॥ ৬॥

एइ-मत—इस प्रकार; **गौरचन्द्र**—भगवान् श्री चैतन्य महाप्रभु; **निज-भक्त-सङ्गे**—अपने भक्तों के साथ; **नीलाचले**—जगन्नाथ पुरी में; **क्रीड़ा करे**—विभिन्न लीलाएँ करते हैं; **कृष्ण-प्रेम-तरङ्गे**—कृष्ण-प्रेम की लहरों में।

अनुवाद

इस तरह श्री चैतन्य महाप्रभु ने जगन्नाथपुरी में निजी भक्तों के साथ कृष्ण-प्रेम की तरंगों में विविध लीलाएँ सम्पन्न कीं।

হেন-কালে রামচন্দ্র-পুরী-গোসাঞি আইলা ।
পরমানন্দ-পুরীরে আর প্রভুরে মিলিলা ॥৭॥

हेन-काले रामचन्द्र-पुरी-गोसाञि आइला ।
परमानन्द-पुरीरे आर प्रभुरे मिलिला ॥७॥

हेन-काले—इस समय; **रामचन्द्र-पुरी-गोसाञि**—रामचन्द्र पुरी नामक एक संन्यासी; **आइला**—आया; **परमानन्द-पुरीरे**—परमानन्द पुरी; **आर**—और; **प्रभुरे**—श्री चैतन्य महाप्रभु को; **मिलिला**—मिला।

अनुवाद

तभी रामचन्द्र पुरी गोसांइ नामक एक संन्यासी परमानन्द पुरी तथा श्री चैतन्य महाप्रभु से मिलने आया।

পরমানন্দ-পুরী কৈল চরণ বন্দন ।
পুরী-গোসাঞি কৈল তাঁরে দৃঢ় আলিঙ্গন ॥৮॥

परमानन्द-पुरी कैल चरण वन्दन ।
पुरी-गोसाञि कैल ताँरे दृढ़ आलिङ्गन ॥८॥

परमानन्द-पुरी—परमानन्द पुरी ने; **कैल**—किया; **चरण**—चरणों में; **वन्दन**—वन्दना; **पुरी-गोसाञि**—रामचन्द्र पुरी ने; **कैल**—किया; **ताँरे**—उन्हें; **दृढ़**—प्रगाढ़; **आलिङ्गन**—आलिंगन।

अनुवाद

परमानन्द पुरी ने रामचन्द्रपुरी के चरणों की वन्दना की और रामचन्द्र पुरी ने उनका गाढ़ आलिंगन किया।

तात्पर्य

चूँकि रामचन्द्र पुरी माधवेन्द्र पुरी का शिष्य था, इसलिए परमानन्द पुरी तथा श्री चैतन्य महाप्रभु दोनों ने ही उसको नमस्कार किया। श्रील भक्तिसिद्धान्त सरस्वती ठाकुर की टीका है कि यद्यपि रामचन्द्र पुरी अत्यन्त ईर्ष्यालु था और

वैष्णव मत के विरुद्ध था—दूसरे शब्दों में पूर्ण पुरुषोत्तम भगवान् तथा उनके भक्तों के सिद्धान्तों के विरुद्ध था—तो भी सामान्य लोग उसे गोस्वामी या गोसांइ कहते थे, क्योंकि उसने बाह्य रूप से संन्यास ग्रहण कर रखा था और संन्यासी जैसा वेश बनाये रहता था। आधुनिक युग में गोस्वामी उपाधि गृहस्थों के एक वर्ग द्वारा प्रयुक्त की जाती है, किन्तु पहले ऐसा नहीं था। उदाहरणार्थ, रूप गोस्वामी तथा सनातन गोस्वामी इसलिए गोस्वामी कहलाते थे, क्योंकि उन्होंने संन्यास ले रखा था। इसी तरह चूँकि परमानन्द पुरी संन्यासी थे, अतः वे पुरी गोस्वामी कहलाते थे। इसलिए छानबीन करने पर देखा जा सकता है कि गोस्वामी किसी जाति विशेष की उपाधि नहीं है, प्रत्युत यह संन्यासी के लिए उपयुक्त उपाधि है।

महाप्रभु कैला ताँरे दण्डवत् नति ।
आलिङ्गन करि' तेंहो कैल कृष्ण-स्मृति ॥ ९ ॥

महाप्रभु—श्री चैतन्य महाप्रभु ने; **कैला**—किया; **ताँरे**—उन्हें; **दण्डवत् नति**—दण्डवत् प्रणाम किया; **आलिङ्गन करि'**—गले लगाकर; **तेंहो**—रामचन्द्र पुरी ने; **कैल**—किया; **कृष्ण-स्मृति**—कृष्ण का स्मरण।

अनुवाद

श्री चैतन्य महाप्रभु ने भी रामचन्द्र पुरी को नमस्कार किया, जिसने महाप्रभु का आलिंगन किया और इस तरह कृष्ण का स्मरण किया।

तात्पर्य

श्री चैतन्य महाप्रभु ने रामचन्द्र पुरी को अपने गुरु ईश्वर पुरी के भी गुरु श्रील माधवेन्द्र पुरी का शिष्य समझकर नमस्कार किया। जब कोई वैष्णव संन्यासी अन्य वैष्णव संन्यासी से मिलता है, तो वे दोनों श्रीकृष्ण का स्मरण करते हैं। मायावादी संन्यासी तक सामान्यतया नारायण का, जो कि कृष्ण हैं, *ॐ नमो भगवते नारायणाय* या *नमो नारायणाय* कहकर स्मरण करते हैं। इस तरह कृष्ण का स्मरण करना संन्यासी का कर्तव्य है। स्मृति शास्त्र के अनुसार

संन्यासी न तो नमस्कार करता है न आशीर्वाद देता है। कहा जाता है—*संन्यासी निराशीर्निर्नमस्क्रियः*—संन्यासी को न तो किसी को आशीर्वाद देना चाहिए, न नमस्कार करना चाहिए।

तिन-जने इष्ठ-गोष्ठी कैला कत-क्षण ।
जगदानन्द-पण्डित ताँरे कैला निमन्त्रण ॥ १० ॥

तिन-जने इष्ठ-गोष्ठी कैला कत-क्षण ।
जगदानन्द-पण्डित ताँरे कैला निमन्त्रण ॥ १० ॥

तिन-जने—तीनों लोगों ने; **इष्ठ-गोष्ठी**—कृष्ण विषयक चर्चा; **कैला**—की; **कत-क्षण**—कुछ समय तक; **जगदानन्द-पण्डित**—जगदानन्द पण्डित ने; **ताँरे**—रामचन्द्र पुरी को; **कैला निमन्त्रण**—निमंत्रित किया।

अनुवाद

इन तीनों ने कुछ समय तक कृष्ण के विषय में बातें कीं और तब जगदानन्द पण्डित ने आकर रामचन्द्र पुरी को निमन्त्रण दिया।

जगन्नाथेर प्रसाद आनिला भिक्षार लागिया ।
यथेष्ट भिक्षा करिला तेँहो निन्दार लागिया ॥ ११ ॥

जगन्नाथेर प्रसाद आनिला भिक्षार लागिया ।
यथेष्ट भिक्षा करिला तेंहो निन्दार लागिया ॥ ११ ॥

जगन्नाथेर प्रसाद—भगवान् जगन्नाथ का प्रसाद; **आनिला**—लाये; **भिक्षार लागिया**—खिलाने के लिए; **यथेष्ट भिक्षा करिला**—पेट भर खाया; **तेंहो**—उन्होंने; **निन्दार लागिया**—कुछ दोष निकालने के लिए।

अनुवाद

अधिक मात्रा में जगन्नाथ जी का प्रसाद वितरित करने के लिए लाया गया। रामचन्द्र पुरी ने डटकर भोजन किया, किन्तु उसके बाद वह जगदानन्द पण्डित के दोष ढूँढना चाहता था।

भिक्षा करि' कहे पुरी,—"शुन, जगदानन्द ।
अवशेष प्रसाद तुमि करह भक्षण" ॥ १२ ॥

भिक्षा करि' कहे पुरी,—"शुन, जगदानन्द ।
अवशेष प्रसाद तुमि करह भक्षण" ॥ १२ ॥

भिक्षा करि'—भोजन समाप्त कर; **कहे पुरी**—रामचन्द्र पुरी ने कहा; **शुन जगदानन्द**—मेरे प्रिय जगदानन्द, जरा सुनो; **अवशेष प्रसाद**—बचा हुआ प्रसाद; **तुमि**—तुम; **करह भक्षण**—खा लो।

अनुवाद

भोजन कर लेने के बाद रामचन्द्र पुरी ने अनुरोध किया, "प्रिय जगदानन्द, जरा सुनो तो। तुम इस बचे हुए भोजन को खा लो।"

আগ্রহ করিয়া তাঁরে বসি' খাওয়াইল ।
আপনে আগ্রহ করি' পরিবেশন কৈল ॥ ১৩ ॥

आग्रह करिया ताँरे वसि' खाओयाइल ।
आपने आग्रह करि' परिवेशन कैल ॥ १३ ॥

आग्रह करिया—अत्यधिक (निवेदन) उत्सुकतापूर्वक; **ताँरे वसि'**—उन्हें बिठाकर; **खाओयाइल**—खिलाया; **आपने**—स्वयं; **आग्रह करि'**—उत्साहपूर्वक; **परिवेशन कैल**—वितरण किया।

अनुवाद

रामचन्द्र पुरी ने अत्यन्त उत्सुकतापूर्वक जगदानन्द पण्डित को बैठाया और उन्हें स्वयं प्रसाद परोसा।

আগ্রহ করিয়া পুনঃ পুনঃ খাওয়াইল ।
আচমন কৈলে নিন্দা করিতে লাগিল ॥ ১৪ ॥

आग्रह करिया पुनः पुनः खाओयाइल ।
आचमन कैले निन्दा करिते लागिल ॥ १४ ॥

आग्रह करिया—उत्साहपूर्वक; **पुनः पुनः**—बारम्बार; **खाओयाइल**—खिलाया; **आचमन कैले**—जब उन्होंने अपने हाथ-मुँह धो लिए; **निन्दा करिते लागिल**—निन्दा करना प्रारम्भ किया।

अनुवाद

बारम्बार अनुरोध करके रामचन्द्र पुरी ने उन्हें खूब खिलाया, किन्तु

जब जगदानन्द हाथ-मुँह धो चुके, तो रामचन्द्र पुरी उनकी आलोचना करने लगा।

''শুনি, চৈতন্য-গণ করে বহুত ভক্ষণ ।
'সত্য' সেই বাক্য,—সাক্ষাদ্দেখিলুঁ এখন ॥ ১৫ ॥

"शुनि, चैतन्य-गण करे बहुत भक्षण ।
'सत्य' सेइ वाक्य,—साक्षात् देखिलुँ एखन ॥ १५ ॥

शुनि—मैंने सुना था; **चैतन्य-गण**—श्री चैतन्य महाप्रभु के अनुयायी; **करे बहुत भक्षण**—आवश्यकता से अधिक खाते हैं; **सत्य**—सच है; **सेइ वाक्य**—वह कथन; **साक्षात्**—सामने; **देखिलुँ**—मैंने देख लिया; **एखन**—अब।

अनुवाद

उसने कहा, "मैंने सुना है कि श्री चैतन्य महाप्रभु के अनुयायी आवश्यकता से अधिक खाते हैं। अब मैंने प्रत्यक्ष देख लिया है कि यह सच है।

সন্ন্যাসীরে এত খাওয়াঞা করে ধর্ম নাশ ।
বৈরাগী হঞা এত খায়, বৈরাগ্যের নাহি 'ভাস''' ॥ ১৬ ॥

सन्न्यासीरे एत खाओयाञा करे धर्म नाश ।
वैरागी हञा एत खाय, वैराग्येर नाहि 'भास'" ॥ १६ ॥

सन्न्यासीरे—एक संन्यासी को; **एत**—इतना अधिक; **खाओयाञा**—खिलाना; **करे धर्म नाश**—नियमों का नाश करता है; **वैरागी हञा**—संन्यासी होकर; **एत**—इतना अधिक; **खाय**—खाता है; **वैराग्येर नाहि भास**—वैराग्य का लेशमात्र भी नहीं है।

अनुवाद

"संन्यासी को अत्यधिक खिलाने से उसके नियम भंग हो जाते हैं, क्योंकि जब संन्यासी अत्यधिक भोजन करता है, तो उसका वैराग्य नष्ट हो जाता है।"

এই ত' স্বভাব তাঁর আগ্রহ করিয়া ।
পিছে নিন্দা করে, আগে বহুত খাওয়াঞা ॥ ১৭ ॥

एइ त' स्वभाव ताँर आग्रह करिया ।
पिछे निन्दा करे, आगे बहुत खाओयाजा ॥ १७॥

एइ—यह; **त'**—निश्चित रूप से; **स्वभाव**—लक्षण; **ताँर**—उसका; **आग्रह करिया**—उत्साहपूर्वक आग्रह करे; **पिछे**—बाद में; **निन्दा करे**—निन्दा करे; **आगे**—पहले; **बहुत**—अधिक; **खाओयाजा**—खिलाकर।

अनुवाद

रामचन्द्र पुरी का स्वभाव था कि वह पहले किसी को आवश्यकता से अधिक खिलाता था और बाद में उसकी आलोचना करता था।

पूर्वे यबे माधवेन्द्र करेन अन्तर्धान ।
रामचन्द्र-पूरी तबे आइला ताँर स्थान ॥ १८॥
पूर्वे यबे माधवेन्द्र करेन अन्तर्धान ।
रामचन्द्र-पुरी तबे आइला ताँर स्थान ॥ १८॥

पूर्वे—पूर्व में; **यबे**—जब; **माधवेन्द्र**—माधवेन्द्र पुरी; **करेन अन्तर्धान**—प्रयाण के निकट थे; **रामचन्द्र-पुरी**—रामचन्द्र पुरी; **तबे**—उस समय; **आइला**—आया; **ताँर स्थान**—उनके स्थान पर।

अनुवाद

इसके पहले जब माधवेन्द्र पुरी अन्तिम साँसें गिन रहे थे, तब रामचन्द्र पुरी उनके स्थान पर आया।

पूरी-गोसाञि करे कृष्ण-नाम-सङ्कीर्तन ।
'मथुरा ना पाइनु' बलि' करेन क्रन्दन ॥ १९॥
पुरी-गोसाञि करे कृष्ण-नाम-सङ्कीर्तन ।
'मथुरा ना पाइनु' बलि' करेन क्रन्दन ॥ १९॥

पुरी-गोसाञि—माधवेन्द्र पुरी; **करे**—कर रहे थे; **कृष्ण-नाम-सङ्कीर्तन**—भगवान् कृष्ण के पवित्र नाम का कीर्तन; **मथुरा ना पाइनु**—मुझे मथुरा में शरण नहीं मिली; **बलि'**—कहकर; **करेन क्रन्दन**—रो रहे थे।

अनुवाद

माधवेन्द्र पुरी कृष्ण के पवित्र नाम का कीर्तन कर रहे थे और कभी-कभी रो रहे थे, "हे प्रभु, मुझे मथुरा में शरण नहीं मिली।"

রামচন্দ্র-পুরী তবে উপদেশে তাঁরে ।
শিষ্য হঞা গুরুকে কহে, ভয় নাহি করে ॥২০॥

रामचन्द्र-पुरी तबे उपदेशे ताँरे ।
शिष्य हञा गुरुके कहे, भय नाहि करे ॥ २० ॥

रामचन्द्र-पुरी—रामचन्द्र पुरी ने; **तबे**—तब; **उपदेशे ताँरे**—उन्हें उपदेश दिया; **शिष्य हञा**—एक शिष्य होकर; **गुरुके कहे**—अपने गुरु से कहा; **भय नाहि करे**—बिना डर के।

अनुवाद

तब रामचन्द्र पुरी इतना मूर्ख था कि उसने निडर होकर अपने गुरु को उपदेश देने का दुस्साहस किया।

"তুমি—পূর্ণ-ব্রহ্মানন্দ, করহ স্মরণ ।
ব্রহ্মবিৎ হঞা কেনে করহ রোদন?" ॥২১॥

"तुमि—पूर्ण-ब्रह्मानन्द, करह स्मरण ।
ब्रह्मवित् हञा केने करह रोदन?" ॥ २१ ॥

तुमि—आपको; **पूर्ण-ब्रह्म-आनन्द**—पूर्ण दिव्य आनन्द में; **करह स्मरण**—स्मरण करना चाहिए; **ब्रह्म-वित् हञा**—ब्रह्म का पूरा ज्ञान होकर; **केने**—क्यों; **करह रोदन**—आप रो रहे हैं।

अनुवाद

उसने कहा, "यदि आप दिव्य आनन्द को प्राप्त हैं, तो आपको अब केवल ब्रह्म का स्मरण करना चाहिए। आप क्यों रो रहे हैं?"

तात्पर्य

जैसाकि *भगवद्गीता* में कहा गया है—*ब्रह्मभूतः प्रसन्नात्मा*—ब्रह्म का साक्षात्कार कर चुका व्यक्ति सदैव प्रसन्न रहता है। *न शोचति न काङ्क्षति*—वह न तो शोक करता है, न ही किसी वस्तु की इच्छा करता है। रामचन्द्र पुरी ने बिना समझे-बूझे कि माधवेन्द्र पुरी क्यों रोदन कर रहे हैं, उनका उपदेशक

बनना चाहा। इस तरह उसने महान् अपराध किया, क्योंकि शिष्य को कभी भी अपने गुरु को उपदेश नहीं देना चाहिए।

শুনি' মাধবেন্দ্র-মনে ক্রোধ উপজিল ।
'দূর, দূর, পাপিষ্ঠ' বলি' ভৎর্সনা করিল ॥২২॥

शुनि' माधवेन्द्र-मने क्रोध उपजिल ।
'दूर, दूर, पापिष्ठ' बलि' भर्त्सना करिल ॥ २२॥

शुनि'—सुनकर; **माधवेन्द्र**—माधवेन्द्र पुरी के; **मने**—मन में; **क्रोध**—क्रोध; **उपजिल**—उत्पन्न हुआ; **दूर दूर**—चले जाओ; **पापिष्ठ**—पापी दुष्ट; **बलि'**—कहकर; **भर्त्सना करिल**—उन्होंने डाँटा।

अनुवाद

यह उपदेश सुनकर माधवेन्द्र पुरी अत्यधिक क्रुद्ध हुए और, "निकल जा, रे पापी!" कहकर उसको डाँटा।

तात्पर्य

रामचन्द्र पुरी यह नहीं समझ सका कि उसके गुरु माधवेन्द्र पुरी को दिव्य विरह भाव का अनुभव हो रहा था। उनका शोक भौतिक न था—प्रत्युत यह कृष्ण के प्रेमावेश की सर्वोच्च अवस्था से उत्पन्न था। जब वे विरह में रोदन कर रहे थे कि, "मैं कृष्ण को न पा सका! मैं मथुरा न पहुँच सका!" तो यह सामान्य भौतिक शोक न था। रामचन्द्र पुरी माधवेन्द्र पुरी के उद्‌गारों को समझने में पर्याप्त दक्ष न था; तो भी वह अपने आपको बहुत उन्नत मानता था। इसलिए माधवेन्द्र पुरी की अभिव्यक्ति को सामान्य भौतिक शोक मानते हुए उसने उन्हें ब्रह्म का स्मरण करने को कहा, क्योंकि वह प्रच्छन्न रूप से निर्विशेषवादी था। माधवेन्द्र पुरी रामचन्द्र पुरी की स्थिति को एक बड़े मूर्ख के रूप में समझ गये, इसीलिए तुरन्त उसे डाँटा। गुरु द्वारा ऐसी डाँट निश्चय ही शिष्य की भलाई के लिए होती है।

'কৃষ্ণ না পাইনু, না পাইনু 'মথুরা' ।
আপন-দুঃখে মরোঁ—এই দিতে আইল জ্বালা ॥২৩॥

'कृष्ण ना पाइनु, ना पाइनु 'मथुरा' ।
आपन-दुःखे मरों—एइ दिते आइल ज्वाला ॥ २३ ॥

कृष्ण—भगवान् कृष्ण; **ना पाइनु**—मुझे नहीं मिले; **ना पाइनु**—नहीं मिला; **मथुरा**—मथुरा; **आपन-दुःखे**—अपने दुःख में; **मरों**—मैं मर रहा हूँ; **एइ**—यह व्यक्ति; **दिते आइल ज्वाला**—मुझे और अधिक कष्ट देने आया है।

अनुवाद

"हे भगवान् कृष्ण! मैं न तो आपके पास और न ही आपके धाम मथुरा पहुँच पाया। मैं अपने दुःख में मर रहा हूँ और उस पर यह मूढ़ अब मुझे और पीड़ा देने आया है।

মোরে মুখ না দেখাবি তুই, যাও যথি-তথি ।
তোরে দেখি' মৈলে মোর হবে অসদগতি ॥২৪॥

मोरे मुख ना देखाबि तुइ, ग्राओ ग्रथि-तथि ।
तोरे देखि' मैले मोर हबे असद्‌गति ॥ २४ ॥

मोरे—मुझे; **मुख**—चेहरा; **ना देखाबि**—मत दिखाओ; **तुइ**—तुम; **ग्राओ**—जाओ; **ग्रथि-तथि**—कहीं ओर; **तोरे**—तुम्हें; **देखि'**—देखकर; **मैले**—यदि मैं मरूँगा; **मोर हबे असत्-गति**—मेरा सद्‌गति नहीं होगी।

अनुवाद

"तुम मुझे अपना मुँह मत दिखाओ! तुम अन्यत्र जहाँ कहीं जाना चाहो, चले जाओ। यदि मैं तुम्हारा मुँह देखते हुए मरूँगा, तो मुझे जीवन का गन्तव्य प्राप्त नहीं हो सकेगा।

কৃষ্ণ না পাইনু মুঞি মরোঁ আপনার দুঃখে ।
মোরে 'ব্রহ্ম' উপদেশে এই ছার মূর্খে" ॥২৫॥

कृष्ण ना पाइनु मुञि मरों आपनार दुःखे ।
मोरे 'ब्रह्म' उपदेशे एइ छार मूर्खे" ॥ २५ ॥

कृष्ण—कृष्ण को; **ना पाइनु**—प्राप्त नहीं कर सका; **मुञि**—मैं; **मरों**—मर रहा हूँ; **आपनार दुःखे**—अपने दुःख से; **मोरे**—मुझे; **ब्रह्म**—ब्रह्म का; **उपदेशे**—उपदेश देता है; **एइ**—यह; **छार**—निकृष्ट; **मूर्खे**—मूर्ख।

अनुवाद

"मैं कृष्ण की शरण पाये बिना मर रहा हूँ, इसलिए मैं अत्यधिक दुःखी हूँ। अब यह गर्हित मूर्ख मुझे ब्रह्म के विषय में उपदेश देने आया है।"

এই যে শ্রী-মাধবেন্দ্র শ্রীপাদ উপেক্ষা করিল ।
সেই অপরাধে ইঁহার 'বাসনা' জন্মিল ॥২৬॥

এइ য়ে শ্রী-মাধবেন্দ্র শ্রীপাদ উপেক্ষা করিল ।
সেइ অপরাধে ইঁহার 'বাসনা' জন্মিল ॥ ২৬ ॥

एइ—यह; **ये**—जो; **श्री-माधवेन्द्र श्रीपाद**—श्रीपाद माधवेन्द्र पुरी; **उपेक्षा करिल**—उपेक्षा की; **सेइ अपराधे**—इस अपराध के कारण; **इँहार**—रामचन्द्र पुरी की; **वासना**—भौतिक इच्छा; **जन्मिल**—उत्पन्न हुई।

अनुवाद

इस तरह रामचन्द्र पुरी को माधवेन्द्र पुरी ने तिरस्कृत कर दिया। अपने अपराध के कारण उसके भीतर धीरे-धीरे भौतिक इच्छा उदित हुई।

तात्पर्य

वासना ("भौतिक इच्छाएँ") शब्द शुष्क चिन्तनपरक ज्ञान का सूचक है। ऐसा तार्किक ज्ञान निरा भौतिक होता है। *श्रीमद्भागवत* (१०.१४.४) में पुष्टि हुई है कि जो व्यक्ति भक्ति के बिना वस्तुओं को केवल जानना चाहता है (*केवल-बोध-लब्धये*) उसे केवल शुष्क ज्ञान प्राप्त होता है, कोई आध्यात्मिक लाभ हाथ नहीं लगता। इसकी पुष्टि *भक्ति-सन्दर्भ* (१११) में भी हुई है :

जीवन्मुक्ता अपि पुनर्यान्ति संसारवासनाम्।
यद्यचिन्त्यमहाशक्तौ भगवत्यपराधिनः॥

"भले ही कोई इस जीवन में मुक्त क्यों न हो, यदि वह पूर्ण पुरुषोत्तम भगवान् के प्रति अपराध करता है, तो वह भौतिक इच्छाओं में गिर जाता है, जिनमें से आध्यात्मिक अनुभूति का शुष्क चिन्तन एक है।"

श्रीमद्भागवत की *लघुतोषणी* टीका (१०.२.३२) में जीव गोस्वामी ने कहा है :

जीवन्मुक्ता अपि पुनर्बन्धनं यान्ति कर्मभिः ।
यद्यचिन्त्यमहाशक्तौ भगवत्यपराधिनः ॥

"भले ही कोई इस जीवन में मुक्त हो, किन्तु पूर्ण पुरुषोत्तम भगवान् के प्रति अपराध करने से वह भौतिक इच्छाओं में लिप्त हो जाता है।"

इसी तरह का एक उद्धरण *विष्णु भक्ति चन्द्रोदय* में पुराणों से लिया गया है :

जीवन्मुक्ता प्रपद्यन्ते क्वचित् संसारवासनाम् ।
योगिनो ना विलिप्यन्ते कर्मभिः भगवत्पराः ॥

"कभी-कभी मुक्तात्मा भी भौतिक इच्छाओं में आ गिरते हैं, किन्तु जो लोग पूर्ण पुरुषोत्तम भगवान् की भक्तिमयी सेवा में पूरी तरह लगे रहते हैं, वे ऐसी इच्छाओं के शिकार नहीं होते।"

ये प्रामाणिक शास्त्रों के प्रमाण हैं। यदि कोई अपने गुरु या पूर्ण पुरुषोत्तम भगवान् का अपराधी होता है, तो वह भौतिक स्तर में पतित होकर केवल तर्कवितर्क करता रह जाता है।

শুষ্ক-ব্রহ্ম-জ্ঞানী, নাহি কৃষ্ণের 'সম্বন্ধ' ।
সর্ব লোক নিন্দা করে, নিন্দাতে নির্বন্ধ ॥ ২৭ ॥

शुष्क-ब्रह्म-ज्ञानी, नाहि कृष्णेर 'सम्बन्ध' ।
सर्व लोक निन्दा करे, निन्दाते निर्बन्ध ॥ २७ ॥

शुष्क—शुष्क; **ब्रह्म-ज्ञानी**—निराकारवादी दार्शनिक; **नाहि**—नहीं है; **कृष्णेर**—भगवान् कृष्ण के साथ; **सम्बन्ध**—सम्बन्ध; **सर्व**—सब; **लोक**—लोगों की; **निन्दा करे**—निन्दा करता है; **निन्दाते निर्बन्ध**—निन्दा में निरन्तर रत।

अनुवाद

जो व्यक्ति शुष्क तर्कवितर्क में लगा रहता है, उसका कृष्ण से कोई सम्बन्ध नहीं रहता। उसका कार्य वैष्णवों की आलोचना करना रह जाता है। इस तरह वह आलोचना करने में लगा रहता है।

तात्पर्य

श्रील भक्तिसिद्धान्त सरस्वती ठाकुर ने अपने *अनुभाष्य* में बतलाया है कि

निर्बन्ध शब्द सूचित करता है कि रामचन्द्र पुरी हमेशा दूसरों की निन्दा करना चाहता था। निराकार मायावादी लोग, जिनका सम्बन्ध कृष्ण से नहीं होता, जो भक्ति नहीं अपना सकते तथा जो ब्रह्म को समझने के लिए तर्क-वितर्क में लगे रहते हैं, ऐसे मायावादी लोग कृष्ण भक्ति को *कर्मकाण्ड* या सकाम कर्म मानते हैं। उनके अनुसार कृष्ण की भक्ति धर्म, अर्थ, काम तथा मोक्ष प्राप्त करने का एक अन्य साधन है। इसलिए वे भक्तों की आलोचना भौतिक कर्मों में लगे रहने के लिए करते हैं। वे सोचते हैं कि भक्ति माया है और कृष्ण अथवा विष्णु भी माया हैं। इसीलिए वे मायावादी कहलाते हैं। ऐसी प्रवृत्ति उसी व्यक्ति में उदय होती है, जो कृष्ण तथा उनके भक्तों के प्रति अपराधी होता है।

ঈশ্বর-পুরী গোসাঞি করে শ্রীপাদ-সেবন ।
স্বহস্তে করেন মল-মূত্রাদি মার্জন ॥২৮॥

ईश्वर-पुरी गोसाञि करे श्रीपाद-सेवन ।
स्वहस्ते करेन मल-मूत्रादि मार्जन ॥ २८ ॥

ईश्वर-पुरी—ईश्वर पुरी; **गोसाञि**—गोस्वामी; **करे**—करते; **श्रीपाद-सेवन**—माधवेन्द्र पुरी की सेवा; **स्व-हस्ते**—अपने हाथ से; **करेन**—करते; **मल-मूत्र-आदि**—मल, मूल आदि; **मार्जन**—साफ।

अनुवाद

श्री चैतन्य महाप्रभु के गुरु ईश्वर पुरी ने अपने हाथों से माधवेन्द्र पुरी का मलमूत्र साफ करके उनकी सेवा की।

নিরন্তর কৃষ্ণ-নাম করায় স্মরণ ।
কৃষ্ণ-নাম, কৃষ্ণ-লীলা শুনায় অনুক্ষণ ॥২৯॥

निरन्तर कृष्ण-नाम कराय स्मरण ।
कृष्ण-नाम, कृष्ण-लीला शुनाय अनुक्षण ॥ २९ ॥

निरन्तर—सदैव; **कृष्ण-नाम**—भगवान् कृष्ण का नाम; **कराय स्मरण**—स्मरण करवाते; **कृष्ण-नाम**—कृष्ण का पवित्र नाम; **कृष्ण-लीला**—कृष्ण की लीलाएँ; **शुनाय अनुक्षण**—हमेशा सुनाते।

अनुवाद

ईश्वर पुरी सदैव माधवेन्द्र पुरी को भगवान् कृष्ण का पवित्र नाम तथा उनकी लीलाएँ सुनाते थे। इस तरह उन्होंने माधवेन्द्र पुरी को तिरोधान के समय भगवान् कृष्ण के नाम तथा लीलाओं का स्मरण कराने में सहायता की।

তুষ্ট হঞা পুরী তাঁরে কৈলা আলিঙ্গন ।
বর দিলা—'কৃষ্ণে তোমার হউক প্রেম-ধন' ॥৩০॥

तुष्ट हञा पुरी ताँरे कैला आलिङ्गन ।
वर दिला—'कृष्णे तोमार हउक प्रेम-धन' ॥ ३० ॥

तुष्ट हञा—सन्तुष्ट होकर; **पुरी**—माधवेन्द्र पुरी ने; **ताँरे**—उन्हें; **कैला आलिङ्गन**—गले लगा लिया; **वर दिला**—वरदान दिया; **कृष्णे**—कृष्ण के प्रति; **तोमार**—तुम्हारा; **हउक**—हो जाये; **प्रेम-धन**—प्रेमधन।

अनुवाद

ईश्वर पुरी से प्रसन्न होकर माधवेन्द्र पुरी ने उनका आलिंगन किया और यह वर दिया कि वे कृष्ण के महान् भक्त तथा प्रेमी होंगे।

সেই হৈতে ঈশ্বর-পুরী—'প্রেমের সাগর' ।
রামচন্দ্র-পুরী হৈল সর্ব-নিন্দাকর ॥৩১॥

सेइ हैते ईश्वर-पुरी—'प्रेमेर सागर' ।
रामचन्द्र-पुरी हैल सर्व-निन्दाकर ॥ ३१ ॥

सेइ हैते—इस कारण से; **ईश्वर-पुरी**—ईश्वर पुरी; **प्रेमेर सागर**—प्रेमभाव के सागर; **रामचन्द्र-पुरी**—रामचन्द्र पुरी; **हैल**—हो गया; **सर्व-निन्दा-कर**—सबकी निन्दा करने वाला।

अनुवाद

इस तरह ईश्वर पुरी कृष्ण-प्रेम के सागर के तुल्य बन गये, जबकि रामचन्द्र पुरी शुष्क चिन्तक तथा हर एक का आलोचक बना।

মহদনুগ্রহ-নিগ্রহের 'সাক্ষী' দুই-জনে ।
এই দুই-দ্বারে শিখাইলা জগ-জনে ॥৩২॥

महदनुग्रह-निग्रहेर 'साक्षी' दुइ-जने ।
एइ दुइ-द्वारे शिखाइला जग-जने ॥ ३२ ॥

महत्—महात्मा की; **अनुग्रह**—कृपा की; **निग्रहेर**—डाँट का; **साक्षी**—प्रमाण; **दुइ-जने**—दोनों लोग; **एइ दुइ-द्वारे**—इन दोनों से; **शिखाइला**—सिखाया; **जग-जने**—संसार के लोगों को।

अनुवाद

ईश्वर पुरी को माधवेन्द्र पुरी का आशीर्वाद प्राप्त हुआ, जबकि रामचन्द्र पुरी को उनकी डाँट मिली। इसलिए ये दो व्यक्ति—ईश्वर पुरी तथा रामचन्द्र पुरी—महापुरुष के आशीर्वाद तथा दण्ड के पात्र होने के दृष्टान्त हैं। माधवेन्द्र पुरी ने ये दो दृष्टान्त प्रस्तुत करके सारे जगत् को शिक्षा दी।

জগদ্গুরু মাধবেন্দ্র করি' প্রেম দান ।
এই শ্লোক পড়ি' তেঁহো কৈল অন্তর্ধান ॥৩৩॥

जगद्गुरु माधवेन्द्र करि' प्रेम दान ।
एइ श्लोक पड़ि' तेंहो कैल अन्तर्धान ॥ ३३ ॥

जगत्-गुरु—समस्त विश्व के गुरु; **माधवेन्द्र**—माधवेन्द्र पुरी; **करि' प्रेम दान**—कृष्ण प्रेमभाव दान करके; **एइ श्लोक पड़ि'**—यह श्लोक पढ़कर; **तेंहो**—वे; **कैल अन्तर्धान**—इस भौतिक जगत् को त्याग दिया।

अनुवाद

इस तरह समस्त संसार के गुरु, श्रीपाद माधवेन्द्र पुरी ने कृष्ण-प्रेम का दान किया। इस भौतिक जगत् से विदा लेते समय उन्होंने निम्नलिखित श्लोक का उच्चारण किया।

অয়ি দীন-দয়ার্দ্র নাথ হে
মথুরা-নাথ কদাবলোক্যসে ।
হৃদয়ং ত্বদলোক-কাতরং
দয়িত ভাম্যতি কিং করোম্যহম্ ॥৩৪॥

अयि दीन-दयार्द्र नाथ हे
मथुरा-नाथ कदावलोक्यसे ।

हृदयं त्वदलोक-कातरं
दयित भ्राम्यति किं करोम्यहम् ॥ ३४॥

अयि—हे प्रभु; **दीन**—दीनों पर; **दया-आर्द्र**—दयालु; **नाथ**—हे स्वामी; **हे**—हे; **मथुरा-नाथ**—मथुरा नाथ; **कदा**—कब; **अवलोक्यसे**—मैं आपके दर्शन पाऊँगी; **हृदयम्**—मेरा हृदय; **त्वत्**—आपको; **अलोक**—देखे बिना; **कातरम्**—अत्यन्त व्यथित; **दयित**—हे सबसे प्रिय; **भ्राम्यति**—विचलित होता है; **किम्**—क्या; **करोमि**—करूँ; **अहम्**—मैं।

अनुवाद

"हे प्रभु! हे दीनदयाल स्वामी! हे मथुरापति! मैं कब आपको फिर से देखूँगी? आपको न देख पाने के कारण मेरा क्षुब्ध हृदय अस्थिर हो चुका है। हे मेरे परम प्रिय, मैं अब क्या करूँ?"

এই শ্লোকে কৃষ্ণ-প্রেম করে উপদেশ ।
কৃষ্ণের বিরহে ভক্তের ভাব-বিশেষ ॥৩৫॥

এই শ্লোকে কৃষ্ণ-প্রেম করে উপদেশ ।
কৃষ্ণের বিরহে ভক্তের ভাব-বিশেষ ॥ ৩৫॥

এই শ্লোকে—इस श्लोक में; **কৃষ্ণ-প্রেম**—कृष्ण-प्रेम; **করে উপদেশ**—सिखाते हैं; **কৃষ্ণের বিরহে**—कृष्ण से विरह अनुभव करके; **ভক্তের**—भक्त की; **ভাব-বিশেষ**—दिव्य भावना।

अनुवाद

इस श्लोक में माधवेन्द्र पुरी यह शिक्षा देते हैं कि किस तरह कृष्ण-प्रेम प्राप्त किया जाए। कृष्ण से विरह में व्यक्ति आध्यात्मिक पद को प्राप्त होता है।

পৃথিবীতে রোপণ করি' গেলা প্রেমাঙ্কুর ।
সেই প্রেমাঙ্কুরের বৃক্ষ—চৈতন্য-ঠাকুর ॥৩৬॥

পৃথিবীতে রোপণ করি' গেলা প্রেমাঙ্কুর ।
সেই প্রেমাঙ্কুরের বৃক্ষ—চৈতন্য-ঠাকুর ॥ ৩৬॥

পৃথিবীতে—इस भौतिक संसार में; **রোপণ করি'**—बोकर; **গেলা**—गये; **প্রেম-অঙ্কুর**—कृष्ण के प्रेमभाव का बीज; **সেই প্রেম-অঙ্কুরের**—कृष्ण के प्रति प्रेमभाव के उस बीज का; **বৃক্ষ**—वृक्ष; **চৈতন্য-ঠাকুর**—भगवान् श्री चैतन्य महाप्रभु।

अनुवाद

श्री माधवेन्द्र पुरी ने इस भौतिक जगत् में कृष्ण-प्रेम का बीज बोया और तब विदा ली। वही बीज बाद में श्री चैतन्य महाप्रभु के रूप में विशाल वृक्ष बन गया।

প্রস্তাবে কহিলুঁ পুরী-গোসাঞির নির্যাণ ।
যেই ইহা শুনে, সেই বড় ভাগ্যবান্ ॥৩৭॥

प्रस्तावे कहिलुँ पुरी-गोसाञिर निर्य्याण ।
येइ इहा शुने, सेइ बड़ भाग्यवान् ॥ ३७॥

प्रस्तावे—संयोग से; **कहिलुँ**—मैंने वर्णन किया है; **पुरी-गोसाञिर**—माधवेन्द्र पुरी का; **निर्य्याण**—तिरोधान; **येइ**—जो कोई भी; **इहा**—यह; **शुने**—सुनता है; **सेइ**—वह; **बड़ भाग्यवान्**—बहुत भाग्यशाली।

अनुवाद

संयोगवश मैंने माधवेन्द्र पुरी के तिरोधान का वर्णन किया है। जो भी इसे सुनता है, उसे अत्यन्त भाग्यशाली माना जाना चाहिए।

রামচন্দ্র-পুরী ঐছে রহিলা নীলাচলে ।
বিরক্ত স্বভাব, কভু রহে কোন স্থলে ॥৩৮॥

रामचन्द्र-पुरी ऐछे रहिला नीलाचले ।
विरक्त स्वभाव, कभु रहे कोन स्थले ॥ ३८॥

रामचन्द्र-पुरी—रामचन्द्र पुरी; **ऐछे**—इस प्रकार; **रहिला नीलाचले**—जगन्नाथ पुरी में रहा; **विरक्त**—वैरागी का; **स्वभाव**—नियम; **कभु**—कभी; **रहे**—वह रहता है; **कोन स्थले**—विशेष स्थान पर।

अनुवाद

इस तरह रामचन्द्र पुरी जगन्नाथ पुरी में ठहरा रहा। जैसाकि संन्यासियों में प्रथा है, कभी वे किसी स्थान पर रहते और फिर वहाँ से चले जाते।

অনিমন্ত্রণ ভিক্ষা করে, নাহিক নির্ণয় ।
অন্যের ভিক্ষার স্থিতির লয়েন নিশ্চয় ॥৩৯॥

अनिमन्त्रण भिक्षा करे, नाहिक निर्णय ।
अन्येर भिक्षार स्थितिर लयेन निश्चय ॥ ३९ ॥

अनिमन्त्रण—बिना बुलाए; **भिक्षा करे**—भोजन करता; **नाहिक निर्णय**—कुछ निश्चित नहीं था; **अन्येर**—अन्यों के; **भिक्षार**—प्रसाद ग्रहण करने की; **स्थितिर**—स्थिति का; **लयेन निश्चय**—हिसाब करता।

अनुवाद

इसका कोई निश्चय नहीं रहता था कि रामचन्द्र पुरी कहाँ भोजन करेगा, क्योंकि वह अनिमन्त्रित होने पर भी ऐसा करता था। तो भी वह इस बात को सुनिश्चत करने में बहुत सतर्क रहता कि अन्य लोग कैसे भोजन करते हैं।

प्रभुर निमन्त्रणे लागे कौड़ि चारि पण ।
कभु काशीश्वर, गोविन्द खान तिन जन ॥ ४० ॥

प्रभुर निमन्त्रणे लागे कौड़ि चारि पण ।
कभु काशीश्वर, गोविन्द खान तिन जन ॥ ४० ॥

प्रभुर—श्री चैतन्य महाप्रभु के; **निमन्त्रणे**—निमन्त्रण में; **लागे**—लगते; **कौड़ि चारि पण**—३२० कौड़ी; **कभु काशीश्वर**—कभी काशीश्वर; **गोविन्द**—चैतन्य महाप्रभु का सेवक; **खान**—खाते; **तिन जन**—तीन लोग।

अनुवाद

श्री चैतन्य महाप्रभु को निमन्त्रित करने में ३२० कौड़ियाँ व्यय होतीं। इससे श्री चैतन्य महाप्रभु तथा कभी-कभी काशीश्वर और गोविन्द इन तीनों का भोजन हो जाता।

प्रत्यह प्रभुर भिक्षा इति-उति हय ।
केह यदि मूल्य आने, चारि-पण-निर्णय ॥ ४१ ॥

प्रत्यह प्रभुर भिक्षा इति-उति हय ।
केह यदि मूल्य आने, चारि-पण-निर्णय ॥ ४१ ॥

प्रति-अह—प्रतिदिन; **प्रभुर**—श्री चैतन्य महाप्रभु की; **भिक्षा**—भिक्षा; **इति-उति**—

इधर-उधर; **हय**—है; **केह**—कोई; **यदि**—यदि; **मूल्य आने**—चुकाता है; **चारि-पण**—चार पण (चार गुना-अस्सी छोटे शंख); **निर्णय**—नियत राशि।

अनुवाद

महाप्रभु नित्य अलग-अलग स्थानों में भोजन करते और यदि कोई भोजन का मूल्य चुकता करना चाहता, तो उसका मूल्य केवल चार पण निश्चित था।

प्रभुर स्थिति, रीति, भिक्षा, शयन, प्रयाण ।
रामचन्द्र-पुरी करे सर्वानुसन्धान ॥ ४२॥

प्रभुर स्थिति, रीति, भिक्षा, शयन, प्रयाण ।
रामचन्द्र-पुरी करे सर्वानुसन्धान ॥ ४२॥

प्रभुर—श्री चैतन्य महाप्रभु की; **स्थिति**—स्थिति; **रीति**—नियामक सिद्धान्त; **भिक्षा**—प्रसाद ग्रहण करना; **शयन**—सोना; **प्रयाण**—गतिविधियाँ; **रामचन्द्र-पुरी**—रामचन्द्र पुरी; **करे सर्व-अनुसन्धान**—सब खबर रखता।

अनुवाद

रामचन्द्र पुरी सभी तरह की सूचनाएँ एकत्र करने में लगा रहता कि श्री चैतन्य महाप्रभु कहाँ पर हैं, उनके नियम क्या हैं, वे कहाँ भोजन करते हैं, कहाँ सोते और कहाँ-कहाँ आते जाते हैं।

प्रभुर यतेक गुण स्पर्शिते नारिल ।
छिद्र चाहि' बुले, काँहा छिद्र ना पाइल ॥ ४३॥

प्रभुर यतेक गुण स्पर्शिते नारिल ।
छिद्र चाहि' बुले, काँहा छिद्र ना पाइल ॥ ४३॥

प्रभुर—श्री चैतन्य महाप्रभु के; **यतेक गुण**—सभी दिव्य गुण; **स्पर्शिते नारिल**—नहीं समझ सका; **छिद्र चाहि'**—दोष ढूँढने के लिए; **बुले**—घूमता; **काँहा**—कहीं भी; **छिद्र**—दोष; **ना पाइल**—वह नहीं ढूँढ सका।

अनुवाद

चूँकि रामचन्द्र पुरी केवल दोष निकालने में लगा रहता, इसलिए वह

श्री चैतन्य महाप्रभु के दिव्य गुणों को नहीं समझ सका। उसका एक-मात्र कार्य दोष निकालना था, किन्तु फिर भी उसे कोई दोष नहीं मिल पाया।

'सन्न्यासी हञा करे मिष्टान्न भक्षण ।
एइ भोगे हय कैछे इन्द्रिय-वारण'? ॥ ४४॥

सन्न्यासी हञा—संन्यासी होकर; **करे मिष्टान्न भक्षण**—मिठाईयाँ खाते हैं; **एइ भोगे**—इसे खाने से; **हय**—होगा; **कैछे**—कैसे; **इन्द्रिय-वारण**—इन्द्रिय संयम।

अनुवाद

अन्त में उसने एक दोष ढूंढ निकाला। उसने कहा, "भला एक संन्यासी इतनी तरह की मिठाइयाँ कैसे खा सकता है? यदि वह मिठाइयाँ खाता है, तो उसके लिए इन्द्रियों को वश में रखना अत्यन्त कठिन होगा।"

एइ निन्दा करि' कहे सर्व-लोक-स्थाने ।
प्रभुरे देखितेह अवश्य आइसे प्रति-दिने ॥ ४५॥

एइ निन्दा—यह निन्दा; **करि'**—करके; **कहे**—कहता है; **सर्व-लोक-स्थाने**—सबको; **प्रभुरे**—श्री चैतन्य महाप्रभु के; **देखितेह**—दर्शन के लिए; **अवश्य**—अवश्य; **आइसे**—आता; **प्रति-दिने**—प्रतिदिन।

अनुवाद

इस तरह रामचन्द्र पुरी सबके समक्ष महाप्रभु की निन्दा करता, किन्तु तो भी वह नित्यप्रति नियमपूर्वक महाप्रभु के दर्शनार्थ आता।

प्रभु गुरु-बुद्ध्ये करेन सम्भ्रम, सम्मान ।
तेँहो छिद्र चाहि' बुले,—एई तार काम ॥ ४६॥

प्रभु—श्री चैतन्य महाप्रभु; **गुरु-बुद्ध्ये**—उसे अपने गुरु के गुरुभाई मानकर; **करेन सम्भ्रम सम्मान**—पूर्ण सम्मान तथा प्रणाम करते; **तेंहो**—रामचन्द्र पुरी; **छिद्र चाहि'**—दोष ढूँढने के लिए; **बुले**—घूमता है; **एइ**—यह; **तार**—उसका; **काम**—कार्य।

अनुवाद

जब वे दोनों मिलते, तो महाप्रभु उसे गुरु के गुरुभाई मानते हुए नमस्कार करते। किन्तु रामचन्द्र पुरी का कार्य महाप्रभु के दोषों को ढूँढना रहता।

यत निन्दा करे ताहा प्रभु सब जाने ।
तथापि आदर करे बड़ई सम्भ्रमे ॥ ४७॥

यत निन्दा करे ताहा प्रभु सब जाने ।
तथापि आदर करे बड़इ सम्भ्रमे ॥ ४७॥

यत—जो भी; **निन्दा**—निन्दा; **करे**—करता; **ताहा**—वह; **प्रभु**—श्री चैतन्य महाप्रभु; **सब**—समस्त; **जाने**—जानते थे; **तथापि**—फिर भी; **आदर करे**—सम्मान करके; **बड़इ सम्भ्रमे**—आदरपूर्वक।

अनुवाद

श्री चैतन्य महाप्रभु जानते थे कि रामचन्द्र पुरी सबके समक्ष उनकी आलोचना करता है, किन्तु जब भी वह महाप्रभु से भेंट करने आता, तो महाप्रभु उसका सभी प्रकार से सम्मान करते।

एक-दिन प्रातः-काले आइला प्रभुर घर ।
पिपीलिका देखि' किछु कहेन उत्तर ॥ ४८॥

एक-दिन प्रातः-काले आइला प्रभुर घर ।
पिपीलिका देखि' किछु कहेन उत्तर ॥ ४८॥

एक-दिन—एक दिन; **प्रातः-काले**—सुबह के समय; **आइला**—आया; **प्रभुर घर**—श्री चैतन्य महाप्रभु के स्थान पर; **पिपीलिका देखि'**—अनेक चीटियाँ देखकर; **किछु कहेन उत्तर**—कुछ कहने लगा।

अनुवाद

एक दिन रामचन्द्र पुरी प्रातःकाल श्री चैतन्य महाप्रभु के स्थान पर

आया। बहुत सी चींटियाँ देखकर महाप्रभु की आलोचना करने की दृष्टि से उसने कुछ कहा।

"रात्रावत्र ऐक्षवमासीৎ, तेन पिपीलिकाः
सञ्चरन्ति। अहो! विरक्तानां सन्न्यासिनामियमिन्द्रिय-
लालसेति ब्रुवन्नुत्थाय गतः॥" ४९॥

**"रात्रावत्र ऐक्षवमासीत्, तेन पिपीलिकाः
सञ्चरन्ति। अहो! विरक्तानां सन्न्यासिनामियमिन्द्रिय-
लालसेति ब्रुवन्नुत्थाय गतः॥" ४९॥**

रात्रौ—रात को; **अत्र**—यहाँ; **ऐक्षवम्**—मिश्री; **आसीत्**—थी; **तेन**—उसके कारण; **पिपीलिकाः**—चीटियाँ; **सञ्चरन्ति**—घूम रही हैं; **अहो**—हाय; **विरक्तानाम्**—वैरागियों की; **सन्न्यासिनाम्**—संन्यासियों की; **इयम्**—यह; **इन्द्रिय**—इन्द्रियों की; **लालस**—आसक्ति; **इति**—यह; **ब्रुवन्**—कहकर; **उत्थाय**—उठकर; **गतः**—चला गया।

अनुवाद

उसने कहा, "गत रात्रि में यहाँ मिश्री थी, इसलिए यहाँ पर चींटियाँ घूम रही हैं। हाय, यह विरक्त संन्यासी ऐसी इन्द्रियतृप्ति में आसक्त है!" इस तरह कहकर वह उठा और चला गया।

प्रभु परम्पराय निन्दा कैराछेन श्रवण ।
एबे साक्षात्शुनिलेन 'कल्पित' निन्दन ॥५०॥

**प्रभु परम्पराय निन्दा कैराछेन श्रवण ।
एबे साक्षात् शुनिलेन 'कल्पित' निन्दन ॥५०॥**

प्रभु—श्री चैतन्य महाप्रभु ने; **परम्पराय**—अन्यों से; **निन्दा**—निन्दा; **कैराछेन श्रवण**—सुनी थी; **एबे**—अब; **साक्षात्**—प्रत्यक्ष; **शुनिलेन**—वे सुनते हैं; **कल्पित**—झूठी; **निन्दन**—निन्दा।

अनुवाद

श्री चैतन्य महाप्रभु ने रामचन्द्र पुरी द्वारा की जाने वाली निन्दा की अफवाहें तो सुन रखी थीं, किन्तु अब तो उन्होंने उसके मनगढ़ंत आरोपों को प्रत्यक्ष सुना।

तात्पर्य

रामचन्द्र पुरी को श्री चैतन्य महाप्रभु के चरित्र में कोई दोष नहीं मिला, क्योंकि वे पूर्ण पुरुषोत्तम भगवान् के दिव्य पद पर स्थित थे। चींटियाँ सामान्यतया सर्वत्र पाई जाती हैं, किन्तु जब रामचन्द्र पुरी ने चींटियों को महाप्रभु के स्थान पर चलते देखा, तो उसने यह मान लिया कि वे वहाँ पर श्री चैतन्य महाप्रभु द्वारा मिठाई खाने से आई होंगी। इस तरह उसने महाप्रभु में कल्पित दोष ढूँढ निकाला और तब वह चला गया।

सहजेइ पिपीलिका सर्वत्र बेड़ाय ।
ताहाते तर्क उठाञा दोष लागाय ॥५१॥

सहजेइ पिपीलिका सर्वत्र बेड़ाय ।
ताहाते तर्क उठाञा दोष लागाय ॥५१॥

सहजेइ—सामान्यतया; **पिपीलिका**—चीटियाँ; **सर्वत्र**—सब जगह; **बेड़ाय**—घूमती हैं; **ताहाते**—उसके कारण; **तर्क उठाञा**—विवाद खड़ा करके; **दोष लागाय**—दोष लगाया।

अनुवाद

